Sample Question Paper

Common Annual Examination (वार्षिक परीक्षा)

Class- VII (निष्ठा)		Subject- हिंदी
Time- 2 घंटे 30 मिनट		Max. Marks – 50
	DESCRIPTION	M.M
	सामान्य निर्देश :- 1. यह प्रश्नपत्र निष्ठा समूह के लिए है| 2. इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग और घ | 3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए | 4. उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या लिखिए| 5. प्रत्येक उत्तर लिखने के बाद एक या दो लाइन छोड़कर अगले प्रश्न का उत्तर लिखिए|	
	खंड – 'क' **(पठित-अंश)**	
प्रश्न सं. 1	**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** वह नीम के पेड़ों की घनी छाँव से होता हुआ सियार की कहानी का मज़ा लेता आ रहा था। हिलते-डुलते उसका बस्ता दोनों तरफ़ झूमता-खनकता था| स्लेट कभी छोटी शीशी से टकराती तो कभी पेंसिल से। यों वे सब उस बस्ते के अंदर टकरा रहे थे। मगर वह न कुछ सुन था, न कुछ देख रहा था। उसका पूरा ध्यान कहानी पर केंद्रित था। कैसी मज़ेदार कहानी! कौवे और सियार की। सियार कौवे से बोला - "प्यारे कौवे, एक गाना गाओ न, तुम्हारा गाना सुनने के लिए तरस रहा हूँ।" कौवे ने गाने के लिए मुँह खोला तो रोटी का टुकड़ा जमीन पर गिर पड़ा। सियार उसे उठाकर नौ दो ग्यारह हो गया।	
	(क) वह किस कहानी का मज़ा ले रहा था? (ख) स्लेट किससे टकरा रही थी? (ग) वह कुछ भी देख और सुन क्यों नहीं रहा था? (घ) कौवे के मुँह खोलते ही क्या हुआ? (ङ) रोटी का टुकड़ा जमीन पर गिरते ही सियार ने क्या किया?	**1X5=5**
प्रश्न सं. 2	निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – जाल परे जल जात बहि, तजि मीनन को मोह। रहिमन मछरी नीर को, तऊ न छांड़िति छोह। तरुवर फल नहीं खात है, सरवर पियत न पान। कहि रहीम परकाज हित, संपति-संचही सुजान।	

	(क) जाल पड़ने पर पानी क्या करता है? (ख) पानी किसका मोह नहीं करता है? (ग) कौन अपना फल नहीं खाता है? (घ) कौन अपना पानी नहीं पीता है? (ङ) सज्जन व्यक्ति धन किस उद्देश्य से जमा करते हैं?	1X5=5
	खंड- 'ख' **(व्यावहारिक व्याकरण)**	
प्रश्न सं. 3	निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए - नीरिक्षण, प्रतीबीम्ब	1X2=2
प्रश्न सं. 4	निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य निर्माण कीजिए - अनुभव, सम्मान	1X2=2
प्रश्न सं. 5	निम्नलिखित शब्दों में संज्ञा के प्रकार की पहचान कर लिखिए - बालक, बुढ़ापा	1X2=2
प्रश्न सं. 6	निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम छांटिए- (i) कौन आया है । (ii) शेर उधर से भागा है|	1X2=2
प्रश्न सं. 7	निम्नलिखित शब्दों का लिंग बदलकर लिखिए - अध्यापिका, नायक	1X2=2
	खंड- 'ग' **(पाठ्य-पुस्तक)**	
प्रश्न सं. 8	निम्नलिखित में किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए -	2X5=10
	(क) कंचे कैसे थे? (ख) रेलगाड़ी पानी रखने के खास जगह को क्या कहते हैं? (ग) सच्चे मित्रता की पहचान क्या है? (घ) रहीम कवि ने परोपकार के लिए किसका उदाहरण दिया है? (ङ) नीलकंठ ने अपने-आपको चिड़ियाघर का क्या बना रखा था? (च) मयूर बाज़ और चील से कैसे अलग है?	
प्रश्न सं. 9	निम्नलिखित में किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए -	3x2=6
	(क) जब दोनों मयूरों को जालघर में लाया गया तो वहाँ उसका स्वागत कैसे हुआ? (ख) रहीम कवि ने धनी पुरुष के निर्धन होने की तुलना किससे की है? क्या आप इससे सहमत हैं? (ग) नीलकंठ और राधा की सबसे प्रिय ऋतु कौन सा था और क्यों?	

प्रश्न सं. 10	सच्चा मित्र कैसा होना चाहिए? रहीम के दोहे के आधार पर अपने किसी सच्चे मित्र का वर्णन कीजिए | अथवा 'कंचा' पाठ के आधार पर अपने बचपन में खेले गए किसी खेल का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए?	4x1=4
	खंड-'घ' **(रचनात्मक लेखन)**	
प्रश्न सं. 11	निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में निबंध लिखिए- **(क) मेरा प्रिय त्यौहार** **(ख) स्वच्छता अभियान की आवश्यकता** **अथवा** **दिए गए चित्र को देखकर 80 से 100 शब्दों में अपने विचार लिखिए-** 	5
प्रश्न सं. 12	निम्नलिखित पत्र के प्रारूप को पूरा कीजिए- (सफाई के लिए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र) सेवा में, दिनांक- _____ _____ विषय- _____ महोदय,	5

	निवेदन है कि मैं _____ _____ _____ _____ धन्यवाद सहित भवदीय _____ अथवा निम्नलिखित पत्र के प्रारूप को पूरा कीजिए- (अपने मित्र के जन्मदिन पर शुभकामना पत्र) परीक्षा भवन तिथि_____ _____ मित्र मैं यहाँ कुशलपूर्वक रहते हुए आशा करता हूँ कि तुम भी कुशल होगे| सबसे पहले तुम्हें तुम्हारे _____ के लिए हार्दिक बधाई| _____ _____ _____ घर में बड़ों को मेरा प्रणाम और छोटों को मेरा प्यार कहना| तुम्हारा _____	